राजस्थान सरकार
कार्यालय जिला कलक्टर, सीकर
Email-id- dev.dm.sikar@gmail.com

क्रमांक / विकास / 2024 / 106 दिनांकः– 26/02/2024

श्री एस.के. सिंह,
महाप्रबंधक, लाईन इंचार्ज, 6 सी –104,
पावर ग्रिड, भादला–III ट्रांसमिशन लिमिटेड,
जयनारायण व्यास कॉलोनी, बीकानेर।
पिन– 334001

विषयः– ट्रांसमिशन लाईन 765 केवी डबल सर्किट भादला–III सीकर II लाईन के संबंध में सार्वजनिक नोटिस राजस्थान पत्रिका दिनांक 20.12.2023 हेतु प्राप्त आपत्ति आवेदन पत्र बाबत ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम जनता दुजोद, तहसील सीकर ग्रामीण पंचायत समिति धोद जिला सीकर ने इस कार्यालय मे ट्रांसमिशन लाईन 765 केवी डबल सर्किट भादला–III सीकर II लाईन के संबंध मे आपत्ति आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि उक्त हाई टेंशन लाईन का राईट ऑफ वे 230 फीट चौड़ा है तथा गांव की घनी आबादी के उपर से गुजरने के कारण जान माल का भारी नुकसान होने की संभावना है। इसलिए उक्त लाईन का सही सर्वे करवाया जाकर इस लाईन को गांव की घनी आबादी से दूर की साईड से निकाला जाना उचित एवं जनहित में होगा।

अतः आपको प्राप्त आपत्ति आवेदन पत्र की प्रति इस पत्र के संलग्न भिजवाकर अनुरोध है कि पुनः सर्वे करवा कर उक्त लाईन को नगर सुधार न्यास, सीकर के मास्टर प्लान में शामिल क्षेत्र से बाहर रखते हुए प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कर रिपोर्ट इस कार्यालय में भिजवाने का श्रम करावें।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, सीकर

क्रमांक / विकास / 2024 / 107 दिनांकः– 26/02/2024

प्रतिलिपिः– श्री जी.पी. पयासी H.O.D. Of All Project, पावर ग्रिड कॉर्परेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, बी–4 / 184 चित्रकुट स्कीम, वैशाली नगर, जयपुर। पिन–302021

जिला कलक्टर, सीकर

CamScanner